कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद - 009
OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS
No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009

दूरभाष/TELE: 040-27843385 फैक्स/FAX:040-27817275

सं. हि0क0/2158/न.रा.भा.का.स. दिनांक/Dated: 14.07.2023

| | |
|---|---|
| सेवा में, | To |
| सभी अधीनस्थ कार्यालय | All Sub-offices |
| (वे.ले.का. सहित) | (including PAOs) |
| (स्थानीय) | (Local) |

विषय: नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.-3), हैदराबाद की छमाही बैठक - मुख्य अंशों के संबंध में ।

Sub : Half-Yearly Meeting of Town Official Language Implementation Committee(Off-3), Hyderabad - Main points - reg.

******

जैसा कि आप जानते हैं, रक्षा लेखा नियंत्रक, सिकंदराबाद नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (हैदराबाद-सिकंदराबाद) का सदस्य है। इस कार्यालय को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.-3), हैदराबाद के अधीन लाया गया है जो सी.एस.आई.आर. - राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (CSIR-NGRI), उप्पल रोड, हैदराबाद द्वारा संचालित किया जा रहा है । हाल ही में उक्त समिति की छमाही बैठक आयोजित की गई । यह बैठक दिनांक 28.03.2023 को दोपहर 3.30 बजे डॉ. प्रकाश कुमार, निदेशक, सी.एस.आई.आर. - राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (CSIR-NGRI) की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में केंद्रीय बारानी कृषि अनुसंधान संस्थान (CRIDA), हैदराबाद के निदेशक डॉ. विनोद कुमार सिंह जी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। बैठक के दौरान चर्चा किए गए मुख्य विषयों और लिए गए निर्णयों को सभी की सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु परिचालित किया जाता है:-

As you are aware, CDA, Secunderabad is a member of Town Official Language Implementation Committee (Hyderabad-Secunderabad). This office has been brought under Town Official Language Implementation Committee (Off.-3) which is being maintained by CSIR-NGRI, Hyderabad. The half-yearly meeting of the said committee was held on 28.03.2023 at 1530 hrs and was chaired by Dr. Prakash Kumar, Director, CSIR- NGRI, Hyderabad. The Director, Central Research Institute for Dryland Agriculture (CRIDA), Hyderabad, Dr. Vinod Kumar Singh was invited as the Chief Guest for the said meeting. The main points discussed during the meeting and the decisions taken are being circulated for information and necessary action.

(1) अपने संबोधन में नराकास के अध्यक्ष डॉ. प्रकाश कुमार, निदेशक, एन.जी.आर.आई. ने कहा कि हमारा देश बहुभाषी है तथा यह हमारी संस्कृति की पहचान है । उन्होंने विश्व की अन्य भाषाओं के साथ हिंदी की तुलना की और हिंदी की विशेषता को उजागर किया। साथ ही उन्होंने हिंदी कार्यशालाओं को नियमित रूप से आयोजित करने, हिंदी पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशन, राजभाषा कार्यान्वयन समितियों की बैठकों का नियमित आयोजन, कार्यालयों की वेबसाइट को द्विभाषी बनाने और यदि संभव हो तो उसे क्षेत्रीय भाषा में भी बनाने के महत्व को बताया । उन्होंने कार्यालय प्रमुख द्वारा न.रा.का.स. की बैठक में उपस्थित होने पर बल दिया और कहा कि सभी को संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण के दौरान उपरोक्त सभी मुद्दों पर तैयारी रखने की आवश्यकता है।

Dr. Prakash Kumar, Chairman, TOLIC & Director, NGRI, in his address said that our country is multilingual and this is the identity of our culture. He compared Hindi with other languages of the world and highlighted the speciality of Hindi. Along with this, he told the importance of organizing Hindi Workshops regularly, publication of Hindi magazines, regular conduct of meetings of Official Language Implementation Committee, making our websites bilingual and if possible in regional language as well. He emphasised that the Head of the office must attend the meetings of TOLIC. The members present in the meeting were informed that it is necessary to prepare for above mentioned points during the inspection by Committee of Parliament on Official Language.

(2) मुख्य अतिथि, केंद्रीय बारानी कृषि अनुसंधान संस्थान (CRIDA), हैदराबाद के निदेशक डॉ. विनोद कुमार सिंह जी ने अपने अभिभाषण में कहा कि हिंदी की एक बोली "भोजपुरी" का प्रयोग आजकल टीवी चैनलों में बहुत बढ़ गया है । उन्होंने मातृभाषा पर ज़ोर देते हुए कहा कि मनुष्य मातृभाषा को अपने दिल से और अन्य भाषाओं को दिमाग से बोलता है। विज्ञान लेखन में सरल हिंदी के प्रयोग को उन्होंने जीव-विज्ञान से उदाहरण देकर विस्तृत रूप से समझाया। उन्होंने हिंदी में पत्र-पत्रिकाओं के संबंध में बात करते हुए हिंदी में प्रकाशित होने वाली वैज्ञानिक पत्रिकाओं के बारे में बताया।

In his address, the Chief Guest, Dr. Vinod Kumar Singh, Director, Central Research Institute for Dryland Agriculture (CRIDA), Hyderabad, said that the use of Hindi dialect "Bhojpuri" has increased a lot in TV channels these days. Emphasizing on mother tongue, he said that man speaks his mother tongue with his heart and other languages with his mind. He explained in detail the use of simple Hindi in scientific papers by giving examples from biology. While speaking regarding the newspapers and magazines in Hindi, he enumerated a few scientific magazines published in Hindi.

(3) क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (दक्षिण), राजभाषा विभाग, बेंगलूरु के सहायक निदेशक (कार्यान्वयन) श्री नरेंद्र मेहरा जी ने अपने संबोधन में कहा कि न.रा.का.स. की बैठक कार्यालय-प्रमुखों की बैठक है। अत: इस बैठक में उनकी उपस्थिति अनिवार्य है। संसदीय राजभाषा समिति की प्रश्नावली में न.रा.का.स. की बैठक की अध्यक्षता, हिंदी कार्यशाला एवं रा.भा.का.स. की बैठकों का आयोजन जैसे मुद्दों पर गंभीरता को अवगत कराया। उन्होंने वार्षिक कार्यक्रम के लक्ष्यों की प्राप्ति और प्रत्येक कार्यालय द्वारा न.रा.का.स. को छमाही रिपोर्ट भेजने का निदेश दिया।

Shri Narendra Mehra, Assistant Director (Implementation) of the Regional Implementation Office (South), Department of Official Language, Bengaluru said in his address that the meeting of the TOLIC is basically a meeting of the Heads of Offices. Therefore, their presence in this meeting is mandatory. He explained the importance of matters like attendance of the Head of the Office in TOLIC meetings, conduct of regular Hindi workshops and regular OLIC meetings in the questionnaire of the Committee of Parliament on Official Language. He directed all members to make efforts to achieve the the targets of the Annual Programme and send the half yearly report to TOLIC regularly.

(4) श्रीमती बेला, सहायक निदेशक, हिंदी शिक्षण योजना, हैदराबाद ने सदस्य कार्यालयों से हिंदी प्रबोध/ प्रवीण/ प्राज्ञ/ पारंगत प्रशिक्षण के गहन और दीर्घ-कालिक पाठ्यक्रमों में अपने कार्यालय में सेवारत अधिकारियों/कर्मचारियों को नामित करने का अनुरोध किया और इन पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण होने पर मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के बारे में बताया।

Smt. Bela, Assistant Director, Hindi Teaching Scheme, Hyderabad requested the member offices to nominate officers/staff serving in their offices for intensive and long-term courses of Hindi Prabodh/Praveen/Pragya/Parangat training and explained about the incentives to be received on passing the courses.

(5) श्री चि.वे. सुब्बा राव, सदस्य सचिव, न.रा.का.स. द्वारा सदस्य कार्यालयों से प्राप्त हिंदी की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई। उन्होंने सभी कार्यालयों से अनुरोध किया कि न.रा.का.स. की बैठक में कार्यालय प्रमुख का उपस्थित होना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सदस्य कार्यालयों से कहा कि प्रत्येक तिमाही में अनिवार्य रूप से रा.भा.का.स. की बैठक और हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जाए तथा वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने का भरपूर प्रयास किया जाए। सदस्य सचिव ने सभी सदस्य कार्यालयों को छमाही प्रगति रिपोर्ट समय से भेजने की अपील की।

Shri Chi.V. Subba Rao, Member Secretary, TOLIC reviewed the progress reports of Hindi received from the member offices. He requested all the offices to ensure presence of the Head of the office in TOLIC meetings. He told the member offices to organise OLIC Meetings and Hindi workshops in every quarter without fail and every

effort should be made to achieve the targets as prescribed in the Annual Programme. The Member Secretary appealed to all the member offices to send the Half Yearly Report in time.

(6) इसके उपरांत उपस्थित सदस्यों की सहमति के साथ पुरस्कार उप-समिति का पुनर्गठन किया गया और विभिन्न कार्यालयों से उक्त उप-समिति हेतु छः सदस्यों का चयन किया गया। This was followed by reconstitution of the Awards Sub-Committee with the consent of the members present in the meeting and six members were selected for the said sub-committee from different offices.

आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त सभी निदेशों को अनुपालन हेतु नोट करें और संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में सहयोग प्रदान करें । You are requested to note the above directions for compliance and co-operate in implementation of the Official Language Policy of the Union.

ग्रूप अधिकारी (प्रशा) ने देख लिया है / GO (AN) has seen.

(के. रामकृष्णा)
लेखा अधिकारी (प्रशा)